प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 22.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा के बजट सत्र के 16वें दिन आज प्रश्न काल के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर नोकझोंक जारी।
2. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया– अगले वर्ष मार्च तक देश में नक्सलवाद का हो जायेगा खात्मा।
3. एक भारत–श्रेष्ठ भारत के तहत आज रांची स्थित राजभवन में बिहार दिवस का आयोजन, राज्यपाल ने कहा– ज्ञान और विकास की भूमि है बिहार।
4. बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के लिए किसानों को मुआवजा देगी राज्य सरकार, आज भी भारी बारिश का औरेंज अलर्ट।
   और
5. सरायकेला में तीन दिवसीय 18वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता शुरु, 200 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हैं भाग।

*******************

विधानसभा के बजट सत्र के 16वें दिन आज प्रश्न काल के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर नोकझोंक जारी है। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही पहले एक घंटे ध्यानाकर्षण की वैसी सूचनाएं ली गयीं जो पूर्व में किसी कारण से नहीं आ सकी थीं। बाद में प्रश्नकाल शुरु हुआ। भाजपा विधायक नीरा यादव ने सदन के भीतर होल्डिंग टैक्स सर्किल रेट का मामला उठाया।

जवाब में मंत्री सुदीव्य कुमार ने भरोसा दिलाया कि इस मामले की विसंगतियों को सरकार दूर करेगी।

*******************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी की सरकार के कार्यकाल में आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद खत्म होने के कगार पर हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अगले वर्ष मार्च तक भारत में नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा।

*******************

एक भारत–श्रेष्ठ भारत के तहत आज राजभवन में बिहार दिवस का आयोजन किया गया। राज्पाल संतोष कुमार गंगवार ने बिहार दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही बिहार ज्ञान और विकास की भूमि रही है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि बिहार के लोग अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से विकसित बिहार और समृद्ध भारत के निर्माण में अपना योगदान देते रहेंगे।

*******************

रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में पिछले दो दिनों से हो रही तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि से भारी तबाही हुई है। ओलावृष्टि और आंधी से फसलों के साथ कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है। इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने राज्य में अगले दो दिन बारिश के साथ तूफानी हवा चलने, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है।

*******************

इस बीच राज्य सरकार ने बारिश और ओलावृष्टि के बाद फसल को हुए नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने फसल नुकसान का मुआवजा राशि भुगतान को लेकर राज्य के आपदा

प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से वार्ता की है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को फसल नुकसान का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

*******************

आज विश्व जल दिवस है। यह दिन मीठे पानी के महत्व और जल संसाधनों के उचित प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता दोहराई।

*******************

गुमला जिले में उपायुक्त ने विभिन्न सरकारी बैंकिंग योजनाओं के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की है।

*******************

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जामताड़ा जिले के प्रखंड कार्यालयों में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नागरिकों को दी जा रही विभिन्न सरकारी लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजशेखर कुमार कहा कि राशन कार्ड के सभी लाभार्थियों को 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से ई केवाईसी करा लेना है।

*******************

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट का 18वां संस्करण आज से शुरू हो रहा है। कोलकाता में आज आरंभिक मैच में मौजूदा चौंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरु होगा।

*******************

सरायकेला जिले के आदित्यपुर एम टाइप दुर्गा पूजा मैदान में तीन दिवसीय 18वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता शुरु हो गयी है। झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं प्रवीण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में राज्य के 200 से भी अधिक बॉक्सिंग खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं।

*******************